सीसीटीएनएस/ द्वारा ई–मेल

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग लखनऊ -226001

पत्रांक-टीएस-सीसीटीएनएस-06/2010(V) दिनांकः 30- 7-2015

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
पुलिस अधीक्षक/ जनपदीय पुलिस प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

कृपया सिस्टम इन्टीग्रेटर मेसर्स एनआईआईटी टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने अपने ई–मेल के माध्यम से अवगत कराया है कि जनपद इलाहाबाद के थाना उतरांव, जनपद मथुरा के थाना फरह, जनपद मेरठ के थाना ब्रह्मपुरी, गोतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर 24 एवं जनपद गोरखपुर के थाना कैन्ट में सीसीटीएनएस योजना पर कार्यरत पुलिस कार्मिकों द्वारा कम्प्यूटर को फारमेट, रीस्टोर एवं पुराना डाटा रीस्टोर करने के कारण कोर एप्लीकेशन साफटवेयर में समस्या उत्पन्न हो रही है।

2– उपर्युक्त के दृष्टिगत आपको सूचित किया जाना है कि आप अपने अधिनस्थ थानों / कार्यालयों में सीसीटीएनएस कार्य हेतु कार्यरत पुलिस कार्मिकों को निर्देश निर्गत करें, कि तकनीकी सेवायें, मुख्यालय से अनुमति के बिना सिस्टम को फारमेट, रीस्टोर एवं पुराना डाटा रीस्टोर न करें। एनआईआईटी की साफटवेयर टीम/ हेल्पडेस्क से अनुमति के उपरान्त ही यथोचित कार्यवाही करें।

3– यह भी अवगत कराना है कि आपके द्वारा कोर एप्लीकेशन साफटवेयर, कनेक्टिविटी अथवा हार्डवेयर के सम्बन्ध में जिन समस्याओं से इस मुख्यालय को सूचित किया जाता है, उस पत्र में थाना/ कार्यालय एवं सम्बन्धित पुलिस कार्मिक का नाम व दूरभाष नं0 अवश्य उपलब्ध कराया जाए ताकि समस्या का निराकरण कराने के उपरान्त पुष्टि भी कराई जा सके।

(आर0के0विश्वकर्मा) 31/7/15
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें,उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु।

1. पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
2. पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
3. श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनआईआईटी।
4. श्री राजीव वशिष्ठ, प्रोजेक्ट मैनेजर, एसपीएमयू।
5. प्रभारी सीसीटीएनएस, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 को साइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. प्रभारी सीसीटीएनएस कन्ट्रोल रूम, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।